पृष्ठ संख्या - 30

# प्रपत्र–5

## भाग–v

| परियोजना का नाम :– |
|---|
| –: जनपद बागेश्वर में नगरपालिका बागेश्वर के अन्तर्गत चण्डिका वार्ड के गाडगॉव में परिवहन विभाग हेतु :– 1. अन–आवासीय कार्यालय भवन, 2. ऑटोमेटेड ड्राईविंग टैस्टिंग ट्रैक तथा 3 ट्रैफिक अवेयरनैस सैन्टर का निर्माण |

## परियोजना की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति

- उत्तराखण्ड शासन परिवहन अनुभाग–1 के पत्रांक 39/सत्रह/ix-2/2021 दिनांक 12-04/2021 तथा इसी क्रम में मुख्यालय कार्यालय के पत्रांक 1725/नियोजन/13–7070/2021 दिनांक 22–074–2021 द्वारा जनपद बागेश्वर में (1) अन–आवासीय कार्यालय भवन, (2) ऑटोमेटेड ड्राईविंग टैस्टिंग ट्रैक तथा (3) ट्रैफिक अवेयरनैस सैन्टर के निर्माण हेतु प्रस्तावित भूमि के हस्तांतरण के सम्बन्ध में प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है।
  **(प्रमाणित प्रति संलग्न है)**

- मुख्यालय कार्यालय के पत्रांक 101/नियोजन /2008–09 दिनांक 19–01–2009 के अनुसार कार्यालय भवन के निर्माण हेतु 2008 में ही परियोजना एवं बजट का प्रावधान किया जा चुका है। **(प्रमाणित प्रति संलग्न है)**

(कृष्ण चन्द्र पलड़िया)
सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी
**प्रयोक्ता एजेन्सी**

सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी
बागेश्वर

पृष्ठ संख्या - 31

कार्यालय परिवहन आयुक्त,उत्तराखंड
कुल्हान, सहस्रधारा रोड, देहरादून

पत्र संख्या– 101 / नियोजन / 2008–09 दिनांक : 19 जनवरी 2009

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी
टिहरी, रूद्रप्रयाग, कर्णप्रयाग, टनकपुर, बागेश्वर, उत्तरकाशी।

विषय : सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय भवनों की स्थापना हेतु निशुल्क भूमि चयन के संबंध में ।

कृपया उपरोक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र संख्या 654 / नियोजन / 2008 दिनांक 27, अप्रैल,2008, पत्र संसख्या 1008 / नियोजन / 2008 दिनांक 15, मई 2008 एवं पत्र संख्या 1303 / नियोजन / 2008 दिनांक 09,जून 2008, पत्र संख्या 1905 / नियोजन / 2008 दिनांक 21,जुलाई 2008 एवं पत्र संख्या 2524 / नियोजन / 2008–09 / 08 दिनांक 02,सितम्बर 2008 का अवलोकन करने का कष्ट करें जिसके द्वारा आपको निर्देशित किया गया था कि सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय के भवनों का निर्माण कार्य प्रस्तावित है एवं जिस हेतु वर्ष 2008–09 में परिव्यय एवं बजट प्रावधान किया गया था किन्तु भूमि विभागके नाम हस्तांतरण न होने के कारण उक्त कार्यालय हेतु निर्माण कार्य संभव नहीं हो पा रहा है।

अतः आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय भवन हेतु भूमि आवंटन के संबंध में अपने जिले से संबंधित जिलाधिकारी से संपर्क कर निशुल्क भूमि उपलब्ध कराने की कार्रवाई संपन्न करें ताकि समय पर भूमि हस्तांतरण संबंधी कार्रवाई पूर्ण हो सके। इसके अतिरिक्त आपको यह भी अवगत करना है कि भूमि चयन कर संबंधित भूमि का निरीक्षण / परीक्षण कर प्रस्ताव इस कार्यालय में प्रस्तुत करें।

अपर परिवहन आयुक्त
उत्तराखंड।

पत्र संख्या 101 दिनांकित 19 जनवरी

प्रतिलिपिः– संभागीय परिवहन अधिकारी देहरादून, पौडी, हल्द्वानी एवं अल्मोडा को इस निर्देश के साथ कि पत्र प्राप्ति के एक सप्ताह के अंदर भूमि चयन की कार्रवाई कर प्रगति से अधोहस्ताक्षरी को अवगत करायें।

अपर परिवहन आयुक्त
उत्तराखंड।

प्रभारी मुख्य सहायक
कृपया आवश्यक कार्यवाही करें, तथा
कृत कार्यवाही से अवगत करायें।
23/1/09

स०स०प०अ०
बागेश्वर

पृष्ठ संख्या - 32

**कार्यालय परिवहन आयुक्त, उत्तराखण्ड**
**कुल्हान, सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून।**

संख्या 1725 /नियोजन/13 70/2021 दिनांक 12-जुलाई, 2021

सेवा में,

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी,
बागेश्वर।

**विषय–उप संभागीय परिवहन कार्यालय, बागेश्वर के भवन निर्माण हेतु भूमि हस्तान्तरण सम्बन्ध में।**

उपरोक्त विषयक कृपया अपने पत्र संख्या 213/सामा0 प्रशा0/भूमिचयन/2020–21 दिनांक 23–09–2020 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके अन्तर्गत उप संभागीय परिवहन कार्यालय, बागेश्वर के कार्यालय भवन निर्माण तथा ट्रैफिक अवयेरनेस सेन्टर/ऑटोमेटेड ड्राईविंग टेस्ट ट्रैक के निर्माण हेतु ग्राम गाडगॉव में चयनित भूमि का हस्तान्तरण प्रस्ताव तैयार किये जाने हेतु परियोजना की वित्तीय/प्रशासनिक स्वीकृति के प्रमाणपत्र की आवश्यकता बतायी गयी है।

इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि शासनादेश संख्या–39/17/IX–2/2021 दिनांक 12–04–2021 द्वारा बागेश्वर में कार्यालय भवन निर्माण तथा ट्रैफिक अवयेरनेस सेन्टर/ऑटोमेटेड़ ड्राईविंग टेस्ट ट्रैक के निर्माण हेतु प्रस्तावित भूमि के हस्तान्तरण के सम्बन्ध में प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। संदर्भित शासनादेश की प्रति इस निर्देश के साथ संलग्न कर प्रेषित की जा रही है कि चयनित भूमि को परिवहन विभाग के नाम हस्तान्तरित करने के सम्बन्ध में अग्रेत्तर कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

संलग्न–यथोक्त।

(सनत कुमार सिंह)
उप परिवहन आयुक्त,
उत्तराखण्ड।

प्रतिलिपि–संभागीय परिवहन अधिकारी, अल्मोड़ा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(सनत कुमार सिंह)
उप परिवहन आयुक्त,
उत्तराखण्ड।

12/07/2021

true copy

सहायक सम्भागीय ... बागेश्वर

पृष्ठ संख्या - 33

संख्या 39 / 17 / IX-2 / 2021

प्रेषक,

डा0 आनन्द श्रीवास्तव,
अपर सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

परिवहन आयुक्त,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

परिवहन अनुभाग–2

देहरादून:दिनांक 12 ~~मार्च~~ अप्रैल, 2021

**विषयः उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय, बागेश्वर के भवन निर्माण हेतु भूमि हस्तान्तरण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने कार्यालय के पत्र सं0 18/नियोजन/13–70/2021 दिनांक 25.01.2021 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा जनपद बागेश्वर में कार्यालय भवन निर्माण तथा ट्रैफिक अवयेरनेस सेन्टर/ऑटोमेटेड ड्राईविंग टेस्ट ट्रैक के निर्माण हेतु प्रस्तावित भूमि के हस्तान्तरण के सम्बन्ध में प्रशासकीय स्वीकृति दिये जाने हेतु अनुरोध किया गया है।

2. अतः इस संबंध में सम्यक विचारोपरान्त मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि बागेश्वर में कार्यालय भवन निर्माण तथा ट्रैफिक अवयेरनेस सेन्टर/ऑटोमेटेड ड्राईविंग टेस्ट ट्रैक के निर्माण हेतु प्रस्तावित भूमि के हस्तान्तरण के सम्बन्ध में प्रशासकीय स्वीकृति एतद्द्वारा प्रदान की जाती है।

उपरोक्त के सम्बन्ध में नियमानुसार अग्रेत्तर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(डा0 आनन्द श्रीवास्तव)
अपर सचिव।

निर्गत
21/6/21
true copy

सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी
बागेश्वर